an>

Title: Regarding poor drainage system on National Highway in Pratapgarh, Uttar Pradesh.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान करने के लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं । मैं प्रतापगढ़ से चुन कर आया हूं । मैं प्रतापगढ़ की ईश्वर स्वरूप जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं और माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी और माननीय अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि 17 वीं लोक सभा में हमें आने का अवसर प्राप्त हुआ ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, आज मैं अपने संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में नगर क्षेत्र भगवा चुंगी से सैयावांध नाले तक लगभग तीन किलोमीटर नाले का निर्माण एन.एच. - 96 से अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग खंड सुल्तानपुर इकाई द्वारा किया जाना था, किन्तु लगभग छः वर्षों से धन उपलब्ध होने के बाद भी नाले का निर्माण नहीं हो सका और उसमें विभागीय अधिकारियों की मिली-भगत से यू.पी.ए. सरकार में सीनियर लीडर के घनिष्ठ सहयोगी, जो अमेठी का रहने वाला है, अधूरे नाले के निर्माण का पैसा आहरित कर लिया । कई बार धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी द्वारा डीओ लेटर भेजने और मेरे द्वारा विधायक रहने के दौरान उत्तर प्रदेश की सदन में भी इस मामले को उठाया गया था । मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश के कठोर निर्देश पर टी.ए.सी. की जांच में शिकायतें पाए जाने पर कंपनी को लगभग 13 करोड़ रुपए की रिकवरी जारी करने, काली सूची में डालने का पत्र जारी कर जिम्मेदार लोगों ने अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली ।

माननीय अध्यक्ष जी, आज हालात इतने बदतर हैं कि शहर के पॉश इलाके में बारिश से पहले ही गंदा पानी भरा था और थोड़ी बारिश के बाद लोगों के घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और नाले में बरसात का पानी भरा होने के

साथ ही कई कॉलोनियों में भी जल निकासी पूरी तरह से ठप्प पड़ी है ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य शून्य काल में पढ़ा नहीं जाता है, शॉर्ट मे अपनी बात कीजिए । माननीय सदस्य आप बैठ जाइए ।

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित जी, आप बोलिए ।